प्रादेशिक समाचार

दिनांक–11.10.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. झारखंड समेत देशभर में शारदीय नवरात्र को लेकर उल्लास चरम पर, महानवमी पर पूजा पंडालों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़।
2. केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने बालिकाओं को सशक्त बनाने की दोहरायी प्रतिबद्धता, कहा–केन्द्र सरकार किशोरियों के लिए सुरक्षित वातावरण बनाने के लिए कृतसंकल्पित।
3. खूंटी पुलिस ने धमकी देकर जबरन जमीन पर कब्जा करने के आरोप में पूर्व नक्सली मसीहचरण पूर्ति और उसके सहयोगी विमल मुंडा को किया गिरफ्तार।
4. मौसम विभाग का पूर्वानुमान रांची और खूंटी समेत आठ जिलों में हल्के से मध्यम दर्जे की हो सकती है बारिश, आंधी और वज्रपात को लेकर येलो अलर्ट जारी।
5. झारखंड के युवा वेटलिफ्टर रोहन कुमार महतो ने यूथ नेशनल वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में जीता स्वर्ण पदक।

****

झारखंड समेत देशभर में दुर्गा पूजा का उल्लास चरम पर है। शारदीय नवरात्र के नौवें दिन महानवमी पर मां दुर्गा के सिद्धिदात्री स्वरूप की पूजा अर्चना में भक्त लीन हैं। दुर्गोत्सव को लेकर पूजा पंडालों और मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत कई राजनेताओं ने राज्यवासियों को दुर्गापूजा और दशहरा की शुभकामनायें दी है।

****

शारदीय नवरात्र की महानवमी पर आज कन्या पूजन भी किया गया। पूर्व मुख्यमंत्री और ओड़िशा के राज्यपाल रघुवर दास ने भी जमशेदपुर के भालूबासा स्थित शीतला मंदिर में परिजनों के साथ कन्या पूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आदिशक्ति जगत जननी की पूजा प्राचीन काल से की जा रही है, जो भारतीय परंपरा में बालिकाओं और महिलाओं के सम्मान को दर्शाता है।

उधर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने भी कदमा स्थित आवास पर नौ कन्याओं का पूजन कर उन्हें भोजन कराया और उनका आशीर्वाद लिया।

****

रांची के जैप वन परिसर में महानवमी पर आज शस्त्रों की पूजा की गयी। जैप वन के कमांडेंट राकेश रंजन ने बताया कि जवानों के लिए शस्त्रों से भरोसेमंद कोई बड़ा साथी नहीं होता है, इसलिए शस्त्रों की पूजा की जाती है। उन्होंने बताया कि जैप वन परिसर में दुर्गापूजा के दौरान पंरपरा के अनुसार कलश की पूजा की जाती है।

****

राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान समेत कई जगहों पर कल विजयादशमी पर बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक के रूप में रावण, कुंभकर्ण और मेघनाथ के पुतलों को जलाया जाएगा। पंजाबी हिंदू बिरादरी के अध्यक्ष सुधीर उग्गल ने बताया कि इस बार मुख्य आकर्षण खास आतिशबाजी होगी, जो प्रदूषण और धुआं रहित होगी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे, जबकि विशिष्ट अतिथि रांची के सांसद सह केन्द्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ होंगे।

****

आज अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस है। यह दिवस दुनियांभर में लड़कियों की लैंगिक समानता, शिक्षा और अवसरों के महत्व को रेखांकित करता है। अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के इस वर्ष के आयोजन का विषय भविष्य के प्रति लड़कियों की संकल्प दृष्टि है।

केंद्रीय महिला और बाल विकास मंत्री ने बालिकाओं को सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई है। अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर अपने एक वीडियो संदेश में उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार बालिकाओं के लिए सुरक्षित और विकासोन्मुख वातावरण बनाने के लिए कृतसंकल्पित है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से बेटियों को लेकर समाज के नजरिये में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रयासरत है।

****

राज्य में रेल सुविधाओं का लगातार विस्तार हो रहा है। कल जहां साहिबगंज को दो ट्रेनों की सौगात मिली, वहीं अब राज्य के लोगों को एक और उपहार मिलने जा रहा है। रक्षा राज्यमंत्री और रांची के सांसद संजय सेठ ने बताया है कि जबलपुर–हावड़ा शक्तिपुंज एक्सप्रेस का अब 13 अक्टूबर से मैक्लुस्कीगंज में भी ठहराव होगा। रेल मंत्रालय ने इसकी स्वीकृति प्रदान कर दी है। उन्होंने बताया कि रेलवे की इस पहल से खलारी, डकरा सहित आसपास के लोगों की यात्रा सुगम होगी।

****

गोड्डा जिले में डीएमएफटी फंड से तीन जननी आश्रय केन्द्र का निर्माण कराया जा रहा है। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे संवाददाता––

****

खूंटी पुलिस ने धमकी देकर जबरन जमीन पर कब्जा करने के मामले में पूर्व नक्सली मसीहचरण पूर्ति उर्फ मसीह चरण मुंडा और उसके सहयोगी विमल मुंडा उर्फ विमल पाहन को गिरफ्तार किया है। इन दोनों के खिलाफ खूंटी थाना में जबरन जमीन कब्जा करने का मामला सिलादोन निवासी दिनेश बड़ाईक ने दर्ज कराया था।

****

राज्य में आज और कल कुछ क्षेत्रों में बारिश का पूर्वानुमान है। मौसम विज्ञान केंद्र रांची के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि आज रांची, खूंटी, सिमडेगा, गुमला, लोहरदगा, पूर्वी तथा पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला–खरसावां में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। उन्होंने बताया कि कल भी राज्य के दक्षिणी हिस्सों में बारिश के आसार हैं। श्री आनंद ने बताया कि आगामी 13 अक्टूबर से 15 अक्टूबर के बीच आकाश मुख्यतः साफ रहेगा और मौसम के शुष्क बने रहने की संभावना है। मौसम विज्ञान केन्द्र की ओर से आज राज्य के कुछ हिस्सों में आंधी और वज्रपात को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है।

****

झारखंड के युवा वेटलिफ्टर रोहन कुमार महतो ने यूथ नेशनल वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीत लिया है। हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले के नरगोटा भगवान शहर स्थित रेनबो इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित 17 वर्ष से कम आयु के 89 किलोग्राम भार वर्ग में रोहन कुमार महतो ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया।

********समाप्त********